## कन्हैया के जन्म की कथा सुनकर आनंदित हुए भक्तगण

दैनिक समाज जागरण सम्भल। शिव मंदिर रिठाली में भागवत कथा के पांचवें दिन कथा व्यास दुर्वेश शास्त्री ने भगवान श्री कृष्ण के जन्म के अलावा राक्षसी पूतना का उद्धार, ब्रह्ममोह और गोवर्धन पूजा से जुड़े मार्मिक प्रसंग रोचकता के साथ सुनाये। भक्तगण कन्हैया के जन्म की कथा सुनकर एवं भव्य झांकी के दर्शन कर आनंदित हो उठे। इस दौरान श्रद्धालुओं ने नृत्य कर श्रद्धा-प्रेम और उत्साह के साथ भगवान श्री कृष्ण का पावन जन्मोत्सव मनाया। वहीं भक्तों को टाफियां और प्रसाद का वितरण किया गया। इससे पूर्व पंडित अमरीश उपाध्याय ने यज्ञ-हवन कराकर क्षेत्र के लोगों के लिए सुख-शांति और खुशहाली की कामना की। कार्यक्रम में ग्राम प्रधान नवतेज उर्फ नितिन, भागेश कुमार त्यागी, हिंदवीर सिंह एड., जगदीश सिंह, नरेश कुमार, आकाश त्यागी, मनु त्यागी, मा. विजयपाल सिंह आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे।



## नहीं थम रहा असमोली में चोरी का सिलसिला, तीन दुकानों में नकब लगाकर लाखों की चोरी

**दैनिक समाज जागरण**

सम्भल/असमोली । चोरों ने असमोली थाना क्षेत्र में तीन दुकानों में नकब लगाकर वहां से लाखों का सामान चुरा लिया। दुकान स्वामियों ने घटना की तहरीर पुलिस को दी है। वहीं एक ही रात में तीन दुकानों में चोरी की घटना से व्यापारियों में रोष है। असमोली थाना क्षेत्र में चोरी की घटनाओं का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। जिसकी बजह से थाना पुलिस की सर्तकता पर सवाल उठ रहे है। चोरों ने बीती रात ग्राम सैदपुर जसकौली निवासी असलमे की असमोली में भूमि विकास बैंक के निकट स्थति बाईक पार्टस व रिपेरिंग की दुकान को निशाना बना लिया। दुकान के पीछे दीवार में नकब लगाकर वहां से बाईकों के पार्टस, मोबिल आयल की चार पेटियां तथा अन्य सामान सहित करीब एक लाख का माल चुरा लिया। इसके बाद चोरों ने उसके पडोसी नाजिम की परचून की दुकान में नकब लगाकर गल्ले से लगभग 05 हजार की नगद व कीमती सामान सहित करीब 60 हजार का माल चुरा लिया। वहीं चोरों का हौसला देखो उन्होंने पुलिस की फ्रकि नहीं करते हुए पड़ोसी वाहिद की प्लास्टिक के सामान की दुकान में भी नकब लगा लिया। लेकिन यहां पर गनीमत रही कि नकब के रास्ते पर टूटी हुई कुर्सी आ गई, जिसकी वजह से चोर अन्दर नहीं घुस पाए। दुकानों में नकब की सूचना मिलने के बाद थाना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मुआयना किया और चोरों को पकडने का आश्वासन दिया।



## एडीजी ने किया पैदल मार्च।

**सुनील राघव बहजोई दैनिक समाज जागरण**

एडीजी बरेली राजकुमार ने जनपद में पहुंच कर बहजोई कोतवाली क्षेत्र के कस्बा बहजोई में पैदल मार्च कर ट्रेफिक व्यवस्था देखी और आगामी दीपावली पर अधीनस्थ अधिकारियों को शांति पूर्ण त्यौहार मनाए जाने को लेकर एलर्ट रहने के निर्देश दिए और सभी थाना क्षेत्रों में पेट्रोलिंग करने के निर्देश दिए।



एडीजी राजकुमार बरेली जोन जनपद का निरीक्षण करने पहुंचे जिसके तहत जनपद मुख्यालय बहजोई कोतवाली पहुंचकर कस्बा बहजोई में पैदल मार्च किया और पूरे शहर में ट्रेफिक व्यवस्था को जाना और नगर वासियों को सुरक्षा प्रदान करने का भरोसा दिलाया। एडीजी राजकुमार ने बताया की जनपद भ्रमण के दौरान ट्रेफिक व्यवस्था को देखा गया और नगर वासियों से आगामी त्यौहार दीपावली को शांतिपूर्ण तरीके से मनाने की अपील की गई है । सभी थाना अध्यक्षों से अपने अपने क्षेत्रों में पेट्रोलिंग बड़ाने के निर्देश दिए गए हैं। पटाखा बिक्री के लिए घनी आबादी से दूर बिक्री करने और पटाखा फैक्ट्री और गोदामों को चेक करने के निर्देश दिए गए ।

किसी भी प्रकार से घनी आबादी के बीच पटाखा बिक्री नहीं होने देने के सख्त निर्देश दिए गए हैं।

## शहर में ढिंढोरा फिल्म की टीम पहुंची आर्य सुगंध संस्थान मूसेपुर

**शमीम अहमद सिद्दीकी दैनिक समाज जागरण बिजनौर**

नजीबाबाद दिव्यांग अनाथ बच्चों के साथ फिल्म रिलीज होने पर किया सेलिब्रेशन शहर में ढिंढोरा फिल्म की प्रोड्यूसर एवं मुख्य भूमिका निभाने वाली श्वेता चौधरी फिल्म के कुछ किरदारों के साथ मंडावली के आर्य





सुगंध संस्थान एवं दिव्यांग आश्रम मूसेपुर पहुंची

यहां पर उन्होंने महर्षि दयानंद इंटर कॉलेज एवं दिव्यांग आश्रम के बच्चों के साथ में फिल्म को देखा उन्होंने बताया कि फिल्म रिलीज होने के बाद वह उसके सेलिब्रेशन के लिए यहां पर पहुंची है दिव्यांग अनाथ बच्चों के साथ में उन्होंने इस फिल्म का यहां पर प्रमोशन किया है फिल्म की कहानी एक स्कूटर पर आधारित है जिसमें फिल्म की प्रोड्यूसर एवं मुख्य भूमिका में खुद श्वेता चौधरी हैं जो एक बच्ची की भूमिका निभा रही हैं जिसको एक स्कूटर चाहिए और वह किस तरह से स्कूटर को हासिल करती है यही फिल्म का हिस्सा है इसी को लेकर इसमें कॉमेडी है जो जनता को गुदगुदा रही है

## नगर पंचायत सिंगाही भेडौरा द्वारा वार्डो में कराया जा रहा दवा छिड़काव

### चेयरमैन उत्तम कुमार मिश्र एवं ईओ अवधेश कुमार मिश्र के निदेर्शानुसार हो रहा दवा छिड़काव

समाज जागरण/ब्यूरो प्रभाकर गीता त्रिपाठी सिंगाही खीरी--नगर पंचायत सिंगाही भेडौरा के वार्डों में चेयरमैन उत्तम कुमार मिश्र और ईओ अवधेश कुमार मिश्र के निदेर्शानुसार नगर के वार्डों में नगर पंचायत के कर्मचारी द्वारा मच्छरो के प्रकोप से निजात पाने के लिए पूरे नगर पंचायत में दवा छिड़काव कराया जायेगा यह जानकारी अधिसाषी अधिकारी अवधेश कुमार मिश्र के द्वारा मिली साथ ही चेयरमैन उत्तम कुमार मिश्र ने बताया की मच्छरों के अतिक्रमण से नगरवासी परेशान हैं इस लिए उनसे निजात पाने के लिए नगर के वार्डों में एण्ट्री लावां दवा का छिड़काव कराया जा रहा है।

## 33वां प्रान्तीय खेलकूद (एथलेटिक्स) समारोह का समापन सत्र सम्पन्न

हमीरपुर। नगर के स्थानीय सरस्वती विद्या मंदिर इण्टर कालेज हमीरपुर में राजकीय स्पोर्टस स्टेडियम हमीरपुर में 33वां खेलकूद के समापन की घोषणा के साथ हमीरपुर सदर के विधायक डा. मनोज प्रजापति मुख्य आतिथ्य मे सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर उन्होने कहा कि गुरुओ के ताकत के बल पर आज हम यहां पहुंचे है। इसलिए हम गुरुओ के बतायें मार्ग का अनुसरण करे एवं उनका सम्मान करे। यदि ऐसा होता है तो आप लक्ष्य को अवश्य प्राप्त करेगे। आज जिस स्वतंत्र देश ने हमे सांस लेने का अवसर दिया है। इसलिए हम अपने देश को पुनः सोने की चिड़िया व जगत गुरु बनाने मे अपना पूर्ण योगदान दे। आज मै जीते हुए सभी खिलाड़ियो को बधाई देता हूं तथा सबसे ज्यादा बधाई उन बच्चो को देता हूं जिन्होने इस खेल में प्रतिभाग किया। कार्यक्रम की शुरूआत संगीताचार्य ज्ञानेश जड़िया एवं बरदानी गुप्ता के नेतृत्व में दीप प्रज्ज्वलन पुष्पार्चन एवं सरस्वती वन्दना से हुई। पुरस्कारो की घोषणा करते हुए प्रान्तीय शारीरिक प्रमुख राकेश बधवार एवं विद्यालय के शारीरिक आचार्य अमर सिंह ने बताया कि ओवर आल चौम्पियन मे प्रथम स्थान पर कन्नौज 193 अंक द्वितीय स्थान पर झांसी 169 अंक तथा तृतीय स्थान पर फतेहपुर 160 अंक पर रहे। व्यक्तिगत चौम्पियन के रुप में शिशु वर्ग में आरुषि सिंह, बाल वर्ग में रितांशु कन्नौज, किशोर वर्ग में खुश्बू यादव फतेहपुर रहे, चक्का फेक में पूनम बांदा रही, तरुण वर्ग में नितिन पाल चौम्पियन रहे। संकुल चौम्पियनशिप भैयाओ में शिशु वर्ग में कन्नौज प्रथम, झासी द्वितीय, फतेहपुर तृतीय रहे तथा बहिनो मे कन्नौज प्रथम हमीरपुर द्वितीय, फतेहपुर तृतीय स्थान पर रहे। बाल वर्ग भैयाओ में दिबियापुर प्रथम, कन्नौज द्वितीय हमीरपुर तृतीय स्थान, बहिनो में झासी प्रथम, फतेहपुर द्वितीय, दिबियापुर तृतीय रहे। किशोर वर्ग भैयाओ मे कन्नौज प्रथम, फतेहपुर द्वितीय, हमीरपुर तृतीय स्थान पर रहे। बहिनो में झांसी प्रथम, बांदा द्वितीय फतेहपुर तृतीय स्थान पर रहे। तरुण वर्ग भैयाओ में कन्नौज प्रथम, जालौन द्वितीय, दिबियापुर तृतीय बहिनो में कानपुर प्रथम, फतेहपुर द्वितीय, झांसी तृतीय स्थान पर रहे। इसी प्रकार मार्चपास्ट में प्रथम स्थान पर झांसी, द्वितीय स्थान पर बांदा तथा तृतीय स्थान पर जालौन रहे। गौरतलब है कि इस प्रतियोगिता में 248 छात्र/छात्रायें तथा 40 निर्णायक बन्धुओ का सहयोग रहा। समस्त खिलाड़ियो के अंको का योग एवं परिणाम सन्तोष सविता प्रधानाचार्य मऊरानीपुर एवं घनश्याम शुक्ला आचार्य केनपथ बांदा ने तैयार किया। तथा उन्होने बताया कि अब प्रथम स्थान प्राप्त भैया बहिनें क्षेत्रीय खेलकूद समारोह गोरखपुर मे 3 से 7 नवम्बर में प्रतिभाग करेगे। उक्त कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डा. मनोज प्रजापति, प्रदेश निरीक्षक आत्मानन्द सिंह व सम्भाग निरीक्षक भगवान सिंह सेंगर को क्रमशः प्रधानाचार्य रामप्रकाश गुप्ता, सर्वव्यवस्था प्रमुख कमलकान्त मिश्र व मीडिया प्रमुख वेदप्रकाश शुक्ल तथा अमर सिंह ने क्रमशः बैज अलंकरण, अंगवस्त्र व श्रीफल देकर उन्हे सम्मानित किया। अतिथि परिचय एवं कार्यक्रम का संचालन आचार्य बलराम सिंह ने किया। आभार ज्ञापन प्रधानाचार्य रामप्रकाश गुप्ता ने किया। अन्त में समापन मंत्र के साथ समारोह सम्पन्न हुआ। यह जानकारी विद्यालय के मीडिया प्रभारी आचार्य वेदप्रकाश शुक्ल ने दी।

## पुलिस और बदमाशों के बीच हुई मुठभेड़

### दो बदमाशों के पैर में लगी गोली और एक पुलिसकर्मी भी हुआ घायल

**दैनिक समाज जागरण विकास शर्मा**

नगीना । नगीना पुलिस और बदमाशों के बीच हुई मुठभेड़ दो बदमाशों के पैर में लगी गोली एक पुलिसकर्मी भी हुआ घायल बैंक मित्र से अभियुक्त पैसे लूट कर हुए थे फरार 3 अभियुक्त घटना में प्रयुक्त अवैध शस्त्र, और मोटरसाइकिल व लूट के 1,02000 की नगदी सहित किया गिरफ्तार



आपको बता दें जनपद बिजनौर के थाना नगीना पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर चैकिंग के दौरान नगीना-हरेवली मार्ग पर 03 संदिग्ध बाइक सवारों को रोकने का प्रयास किया तो बाईक सवार बदमाशों द्वारा पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायरिंग कर दी, पुलिस टीम द्वारा सूझबूझ से की गयी घेराबंदी और जवाबी फायरिंग में अभियुक्त शेखर,मोहन सैनी निवासी थाना नगीना और बासु गौतम निवासी थाना नजीबाबाद को कुछ ही दूरी पर घेर-घोंटकर पकड लिया अभियुक्तों के कब्जे से 02 तमंचा 12 बोर मय 1 जिंदा व 02 खोखा कारतूस, 02 चाकू, स्पलेन्डर मोटरसाइकिल और 102000 नगदी बरामद किये गये है फायरिंग के दौरान पुलिस टीम में शामिल पुलिसकर्मी सोनू कुमार के दाहिने हाथ गोली लगी है और अभियुक्त मोहन व बासु के पैर में गोली लगी है, जिनको उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है अभियुक्त दिनांक 12.10.2022 को दिनदहाडे बैंक मित्र से करीब सवा दो लाख रुपए की नगदी लूट कर फरार हो गये थे इन्हें गिरफ्तार कर जेल भेजा रहा है और अन्य विधिक कार्रवाई कराई जा रही है

## राष्ट्रीय विकलांग पार्टी द्वारा एसडीएम शैलेंद्र कुमार को दिया गया ज्ञापन

**दैनिक समाज जागरण विकास शर्मा बिजनौर**

नगीना। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ उत्तर प्रदेश सरकार लखनऊ के नाम को राष्ट्रीय विकलांग पार्टी के कार्यकताओं ने तहसील सभागार में एक बैठक की गई जिसकी अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष राम जोशी ने की



बैठक में विकलांग लोगों को आ रही समस्याओं पर विचार विमर्श किया गया जिसमें विकलांग विधवा महिला किन्नर युवा गरीब ने अपनी अपनी समस्याओं को बताया गया तथा जिलाध्यक्ष सतेंद्र कुमार ने विभिन्न समस्याओं को लेकर एसडीएम शैलेंद्र कुमार को एक ज्ञापन भी सौंपा गया तथा अपने संबोधन में मंडल अध्यक्ष राम जोशी ने कहा हो रही लेखपालों द्वारा अवैध वसूली जैसे आय प्रमाण पत्र परिवारिक लाभ के नाम पर वसूली कर रहे तथा विकलांग जनों को अपनी ताकत दिखाने के लिए पार्टी को एकजुट होना पड़ेगा विकलांग विधवा की पेंशन ₹5000 मासिक किए जाने तथा विकलांग वृद्धा विधवा गरीब की जांच कर अंतोदय राशन कार्ड बनवाए जाएं तथा शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में विकलांग व विधवा गरीब वर्गों के आवास बनवाए जाएं विकलांग विधवा के विद्युत बिल माफ कर किए जाएं गैस में विकलांग लोगों को 60% छूट की जाए इस मौके पर जिला अध्यक्ष सत्येंद्र कुमार मंडल अध्यक्ष राम जोशी रोहित कुमार ब्लॉक अध्यक्ष अकरम अंसारी जिला महासचिव प्रदीप रिजवान अजय कुमार सलीम सुरेंद्र सिंह आदि लोग उपस्थित रहे

## सिंगाही पुलिस द्वारा वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया अभियुक्त सावान पुत्र चुन्ना निवासी धौरहरा को खैरीगढ़ गांव तिराहा से किया गिरफ्तार

**समाज जागरण/ब्यूरो प्रभाकर गीता त्रिपाठी**

सिंगाही खीरी--नगर पंचायत सिंगाही में बने थाना पुलिस के द्वारा खींरी पुलिस अधीक्षक एवं अपर पुलिस अधीक्षक के द्वारा चलाए जा रहे अवैध वांछित/वारंण्टी अभियुक्त को गिरफतार कर जेल भेजा गया निघासन क्षेत्राधिकारी के दिशा निर्देशन में थाना सिंगाही पुलिस ने स्थानीय एक लड़की के घर में घुसकर छेड़छाड़ करने का मामला दर्ज हुआ था उसी के बावत में सावान पुत्र चुन्ना निवासी धौरहरा को खैरीगढ गांव तिराहा के पास से गिरफ्तार किया गया जिस पर धारा 285,354,452,506 के संबंधित को सिंगाही पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय सदर लखीमपुर खीरी भेजा गया है




अयोध्या 19 अक्टूबर 2022 (सू0वि0):-अयोध्या में दिनांक 23 अक्टूबर को छठवां दीपोत्सव मनाया जा रहा है इसके लिए तैयारियां स्थानीय एवं शासन स्तर पर युद्धस्तर पर जारी है। विशेषकर उत्तर प्रदेश शासन के प्रमुख सचिव गृह एवं सूचना विभाग के निर्देश तथा मा0 सूचना निदेशक श्री शिशिर के निर्देश के क्रम में उपनिदेशक अयोध्या मण्डल/प्रभारी मुख्यमंत्री मीडिया सेन्टर लोकभवन के डा0 मुरलीधर सिंह ने बताया है इसके लिए दीपोत्सव 2022 की शासन द्वारा मीडिया एडवाइजरी भी जारी की जा रही है कि पांचों दीपोत्सव में हमारे मीडिया

## मिशन नारी शक्ति योजना के अंतर्गत कार्यक्रम का आयोजन किया गया

**दैनिक समाज जागरण बिजनौर विकास शर्मा**

कोतवाली देहात । ओम इंटरनेशनल स्कूल महेश्वरी जट में मिशन नारी शक्ति योजना के अंतर्गत मंगलवार को कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें महिला दारोगा स्वाति शर्मा ने महिलाओं को सशक्त एवं मजबूत बनाने के लिए पर जोर दिया। उन्होंने महिलाओं व बालिकाओं से आह्वान किया कि बालिकाओं एवं नारी को अपनी सुरक्षा के लिए स्वयं को सशक्त करना होगा। उन्होंने शासन द्वारा जारी हेल्पलाइन नंबर की जानकारी दी। जिसमें उन्होंने बालिकाओं और महिलाओं को अपने हित के लिए बचाव के लिए सशक्त होकर मुकाबला करना चाहिए। साथ ही उन्होंने हेल्पलाइन नंबर 112, 1090, 1076, 1080 और 102 की उपयोगिता के संबंध में जानकरी दी। दरोगा संजय पाल ने बताया कि नारी की समाज में सबसे महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्हें सुरक्षा प्रदान करना हमारा पहला कर्तव्य है। उन्होंने मिशन नारी शक्ति के द्वारा अधिक से अधिक सुरक्षा व सहायता पहुंचाने पुलिस का अहम कर्तव्य हैं। प्रधानाचार्य डा. सरजीत सिंह ने मिशन नारी शक्ति के तहत विद्यालय की बालिकाओं को अधिक सशक्त करने का आश्वासन दिया। चित्रा चौधरी में कंचन प्रताप के संचालन में आयोजित कार्यक्रम में रविकांत शर्मा, धर्म सिंह, समीना नाज समेत स्कूल स्टाफ एवं महिला कांस्टेबल उपस्थित रही।



## 12 वर्षीय मनीष ने अपनी प्रतिभा से किया डीएम खीरी को गदगद

### डीएम खीरी महेंद्र बहादुर सिंह ने मनीष की सराहना किया पुरस्कृत

**समाज जागरण/ब्यूरो प्रभाकर गीता त्रिपाठी**

धौरहरा खीरी -- जनपद लखीमपुर खीरी के अन्तर्गत आने वाली तहसील धौरहरा ब्लाक ईसानगर के बाढ़ ग्रस्त इलाकों का निरीक्षण करने पहुंचे डीएम खीरी महेंद्र सिंह एवं सीडीओ अनिल कुमार सिंह अफसरों के साथ ग्राम मिजार्पुर मल्लापुर के मजरा पकरियापुरवा पहुंचे जहां डीएम ने उसी गांव में निवासी मुन्नीलाल भार्गव का 12वर्षीय पुत्र मनीष कुमार को आसपास के करीब 15बच्चो को घर के बाहर पढ़ाते हुए देखा जो बाढ़ की वजह से विद्यालय पढ़ने नहीं जा रहे थे इन बच्चों को डीएम महेंद्र बहादुर सिंह और साथ में अन्य अफसरों के साथ वही रूक ग्रे और करीब 5 मिनट तक मनीष को पढ़ाते हुए देखते रहे इसके बाद मनीष ने बताया कि वह इसी गांव का रहने वाला है और उच्च प्राथमिक विद्यालय चहलार में कक्षा छः का छात्र है जो प्रतिदिन दोपहर 3:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक अपने आसपास के बच्चों को अंग्रेजी, हिन्दी और गणित पढ़ाता हूं। यह नेक कार्य अपने विद्यालय में पढ़ाने वाले कमल नाम के शिक्षक ने बताया है उन्हीं के मार्ग दर्शन पर हम चल रहे है। डीएम महेंद्र बहादुर सिंह जी के सामने बारी बारी से गिनती, पहाड़ा, शैक्षिक ज्ञान से अवगत कराया डीएम ने बच्चों की न केवल सराहना की बल्कि मनीष की पीठ थपथपाई और उज्जवल भविष्य की कामना की साथ ही पुरस्कृत भी किया और पढ़ने वाले बच्चों को टाफी , बिस्कुट, चाकलेट भी वितरित किया जिसे पाकर बच्चे बहुत खुश भी हुए



## अयोध्या के छठे दीपोत्सव में 15 लाख दीपक जलाने का लक्ष्य,

अयोध्या 19 अक्टूबर 2022 (सू0वि0):-छठवे दीपोत्सव की तैयारी के सम्बंध में आज मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी का अयोध्या भ्रमण हुआ। मुख्यमंत्री रामकथा पार्क पर निर्मित हेलीपैड पर उतरने के बाद सीधे रामकथा पार्क का निरीक्षण किया तथा दीपोत्सव के लिए आवश्यक तैयारी करने एवं संत महात्माओं अन्य विशिष्ट महानुभावों के बैठने की व्यवस्था करने को कहा। मुख्यमंत्री अगले चरण में श्रीराम लला विराजमान मंदिर एवं मंदिर निर्माण स्थल का भी निरीक्षण किया। वहां भी बेहतर व्यवस्था करने हेतु निर्देश दिये गये। मुख्यमंत्री जी द्वारा साकेत महाविद्यालय में बनाये जा रहे हेलीपैड का भी निरीक्षण किया गया तथा जल्द से जल्द आवश्यक सम्बंधी कार्यवाहियां पूरी करने के निर्देश दिये गये। मुख्यमंत्री जी द्वारा अगले चरण में राम की पैड़ी, सरयू आरती स्थल का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के समय दीपोत्सव के तैयारी के सम्बंध में आवश्यक जानकारी दी। हवाई पट्टी पर उत्तर प्रदेश सरकार के पर्यटन मंत्री श्री जयवीर सिंह, सांसद श्री लल्लू सिंह, विधायक श्री वेद प्रकाश गुप्ता, श्री रामचन्द्र यादव, डा0 अमित सिंह चैहान, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती रोली सिंह, मेयर श्री ऋषिकेश उपाध्याय, भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्षगण, मा0 पदाधिकारीगण आदि ने स्वागत किया। तत्पश्चात मुख्यमंत्री जी ने दीपोत्सव के निर्धारित स्थानों का निरीक्षण किया तथा मुख्यमंत्री ने अयोध्या के संत महात्माओं से सहयोग की अपील की।



## सपा नेता पंकज झा को हुआ पितामह शोक

**देव मणि शुक्ल ब्यूरो प्रभारी** नोएडा समाजवादी पार्टी के नोएडा महानगर के निवर्तमान जिला कार्यकारणी सदस्य एवं वरिष्ठ समाजसेवी पंकज झा के पितामह श्री सुभद्र झा सेवा निवृत्त शिक्षिक बिहार सरकार का देहांत आज 19 अक्टुबर 2022 को हुआ । ऐ लगभग 82 साल के थे। अपने पीछे एक भरा पूरा परिवार छोड कर गये ।मुखाग्नि उनके बडे पुत्र सपा नेता के पिता श्री सीताराम झा ने दिये। समाज वादी पार्टी के सभी पदाधिकारियों ने सपा नेता पंकज झा को सान्त्वना देने उनके आवास पर पहुंचे।



## किसानों ने मजिस्ट्रेट कार्यालय पर प्रदर्शन किया

**देव मणि शुक्ल ब्यूरो प्रभारी** नोएडा दादरी एनटीपीसी परियोजना से प्रभावित 24 गांव को समान मुआवजा समान नौकरी स्वास्थ्य शिक्षा और फ्री बिजली पर प्रदर्शन जिसके बाद सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपा किसानों ने चेतावनी दी है कि 30 अक्टूबर तक यदि उनकी समस्या का समाधान नहीं होता है तो वह आगे की रणनीति बनाकर आंदोलन को तेज करेंगे भारती के साथ परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुखबीर खलीफा ने बताया कि एनटीपीसी परियोजना से 24 गांव प्रभावित हैं जो पिछले 30 सालों से अपनी मांगों को उठाते रहे हैं जिंदगी मांगे आज तक पूरी नहीं की गई इसी परिप्रेक्ष्य में आज सिटी मजिस्ट्रेट के यहां धरना प्रदर्शन किया गया और किसानों ने चेतावनी भरे लहजे में कहा है कि यदि किसानों को सही समय पर मुआवजा और सभी सुविधाएं सरकार द्वारा नहीं मुहैया कराई जाती हैं तो हम लोग आमरण अनशन के लिए बाध्य हो जाएंगे जिसकी जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी।



## स्वास्थ्य टीमों की 1.18 लाख घरों में दस्तक सात दिन में बुखार से ग्रसित 72 मरीज मिले

### 33 अतिकुपोषित बच्चे और टीबी लक्षण वाले 27 मरीज चिन्हित

हमीरपुर। सात अक्टूबर से चल रहे दस्तक अभियान में स्वास्थ्य विभाग की टीमों ने सात दिन में 1.18 लाख घरों में दस्तक देकर बुखार, टीबी, कोविड के लक्षण वाले मरीजों के साथ-साथ अति कुपोषित बच्चों को भी चिन्हित किया है। जिला मलेरिया अधिकारी आरके यादव ने बताया कि इस अभियान में 871 प्रशिक्षित आशा कार्यकताओं को लगाया गया है। अभियान पूरे अक्टूबर माह तक चलेगा। शुरूआती सात दिनों में 2.22 लाख घरों के सापेक्ष टीमों ने 1.18 लाख घरों में संपर्क किया है। इसके साथ ही 180 वीएचएसएनसी बैठकें की जा चुकी हैं। 780 मातृ बैठकें की गई हैं। 1050 स्थानों पर क्लोरीनेशन का डैमो कराया जा चुका है। डीएमओ ने बताया कि गृह भ्रमण के दौरान अब तक बुखार के 72 रोगियों को चिन्हित किया गया है। इन सभी की मलेरिया की जांच की गई है, लेकिन किसी की भी रिपोर्ट पांजिटिव नहीं आई है। 17 ऐसे मरीज मिले हैं, जिनमें कोविड के लक्षण मिले हैं। इन सभी की जांच कराई गई, लेकिन किसी भी रिपोर्ट पांजिटिव नहीं आई है। टीबी के लक्षण वाले 27 रोगी मिले हैं, जिनकी जांच कराई गई है। इसके अलावा 33 अतिकुपोषित बच्चे चिन्हित कर चार को उपचार के लिए रेफर किया गया है। इस दौरान टीमों ने लोगों को संक्रामक रोगों के प्रति जागरूक करने के लिए रैली भी निकाली।

## प्रीमियर लीग क्रिकेट टूनार्मेंट का हुआ उद्घाटन

कुरारा-हमीरपुर। कुरारा विकास खंड क्षेत्र के पारा गाँव में चल रहे पारा प्रीमियर लीग क्रिकेट टूनार्मेंट में आज मैच का उद्घाटन मोनू सिंह कंडोर ने किया। आज हमीरपुर व कंडोर व झलोखर व जल्ला के बीच खेला गया। वही पुरस्कार वितरण सांई मोटर्स द्वारा किया गया। सुरेंद्र कछवाह और बच्चू चौहान ने अंपायर की भूमिका निभयी। इस मौके पर कृष्ण कुमार मिश्र, छोटू सहित काफी संख्या में ग्रामवासी क्षेत्रवासी मौजूद रहे। टूनार्मेंट संचालक मोहन भादोंरिया ने आये हुए लोगो का आभार व्यक्त किया।

## शांतिभंग में चालान

कुरारा-हमीरपुर। कस्बा कुरारा धनीराम पुत्र रामकिशोर, लाखन पुत्र सेयद्दीन, बेरी गांव के रंजीत व राघवेंद्र पुत्र गण गज्जू, उमराहट गांव के रामआसरे पुत्र मन्नू, जखेला गांव के चंद्रभान पुत्र लल्ली, हरेहट्टा गांव के फूल सिंह पुत्र इंद्रपाल को थाना पुलिस ने शांतिभंग करने के आरोप में गिरफ्तार कर मुकदमा दर्ज किया गया है। वही सभी का चालान किया गया है।

## गाली गलौज करने का लगाया आरोप, तहरीर दे कर कानूनी कार्रवाई की मांग की है

दैनिक समाज जागरण संभल । थाना हयातनगर क्षेत्र के एक गांव निवासी रामसिंह ने मंगलवार को थाना पहुंचकर पुलिस को तहरीर दी। तहरीर देकर बताया कि रविवार को वह अपने परिजनों सहित खेत पर धान की फसल काटने के लिए गया था। घर पर मेरी बेटी अकेली थी। गांव की ही एक युवक लोकेश घर आया और बेटी के साथ गाली गलौज करने लगा। गाली गलौज को सुनकर बेटी ने शोर मचा दिया। शोर को सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। लोगों को देखकर वह जान से धमकी देते हुए भाग गया। घर पहुंचने पर बेटी ने सारी बात बताई। पीड़ित ने कानूनी कार्रवाई करने की मांग की।

### अन्याय के खिलाफ लड़ाई लड़ेगी कांग्रेस-- विजय शर्मा

दैनिक समाज जागरण संभल । जिला अध्यक्ष विजय शर्मा द्वारा घोषित संभल कोतवाली में भूख हड़ताल को उच्चाधिकारियों के आश्वासन पर स्थगित किया गया सोशल मीडिया के वायरल वीडियो के आधार पर भाजपा नेता के दबाव में प्रशासन द्वारा अंशु शर्मा पर की गई कार्यवाही से ज्ञात होता है कि संभल प्रशासन भाजपा के दबाव में है अंशु शर्मा के साथ हुए अन्याय पर जिला कांग्रेस कमेटी के जिलाध्यक्ष विजय शर्मा ने 19 अक्टूबर 2022 को कोतवाली संभल में भूख हड़ताल का प्रोग्राम तय किया था उच्चाधिकारियों द्वारा पीड़ित अंशु शर्मा को न्याय दिलाने का आश्वासन देने पर भूख हड़ताल का कार्यक्रम स्थगित कर दिया गया अगर संतोषजनक कानूनी कार्यवाही नहीं की जाती है तो बाद में रणनीति तय की जाएगी तथा इसकी जिम्मेदारी संभल प्रशासन की होगी कांग्रेस पार्टी हमेशा अन्याय के खिलाफ आवाज उठाती रही है और उठाती रहेगी ,पुलिस प्रशासन को हाउस अरेस्ट करने से ज्यादा क्राइम रोकने पर ध्यान देना चाहिए जिला अध्यक्ष के आवास पर जिला महासचिव हिलाल अख्तर मोहम्मद इब्राहिम अली मुनेश कुमार जोशी अशोक कुमार गौतम सुभाष शर्मा अजीत सैनी मोहम्मद फैजान ओमवीर चौधरी सौरभ चौधरी पिंटू पाल मोहम्मद कासिम अरुण कुमार शर्मा अमन शर्मा दीपांशु शर्मा अनिल शर्मा रिंकू शर्मा शिवम शर्मा महेंद्र चौधरी गजेंद्र सिंह आदि लोग मौजूद रहे



# इस बार देव छठ मेला में सभी आवासन स्थल से श्रद्धालुओं को छठ घाट तक पहुंचने के लिए फ्री ऑफ कॉस्ट टैंपू का व्यवस्था किया जाएगा।

दैनिक समाज जागरण, वीरेंद्र यादव जिला संवाददात्ता औरंगाबाद (बिहार) 19 अक्टूबर 2022



औरंगाबाद जिला के औरंगाबाद समाहरणालय सभागार में सभी विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक के बाद देव में आगामी कार्तिक छठ पूजा को लेकर औरंगाबाद जिला अधिकारी एवं औरंगाबाद पुलिस कप्तान भगवान भास्कर के नगरी देव पहुंचे। उन्होंने देव पहुंचकर पूरा मेला क्षेत्र को जायजा लिया और सभी विभाग के अधिकारियों को निर्देश देते हुए

पीएचईडी के कार्यपालक अभियंता को चापाकल की मरम्मती एवं पानी के टैंकर की उपलब्धता सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया गया। कार्यपालक अभियंता द्वारा बताया गया कि आनंदीबाग सहित अन्य चिन्हित लगभग 50 स्थलों पर पानी का टैंकर उपलब्ध रहेगा। साथ ही देव क्षेत्र में कुल 235 चापाकल की व्यवस्था रहेगी एवं 08 नए चापाकल लगाए जायेंगे। साथ ही सभी आवासन स्थलों पर शौचालय एवं पानी की व्यवस्था करने हेतु निर्देश दिया गया। इसके अलावा टेकनीशियन की सूची उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया।

कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग एवं पथ निर्माण विभाग को उनके विभाग के पथ एवं इसके वल्नरेबल पॉइंट्स की जानकारी एकत्रित कर मरम्मत कराने का निर्देश दिया गया। कार्यपालक अभियंता द्वारा बताया गया कि 3 सड़कों पर मरम्मत का कार्य चल रहा है जो शीघ्र ही पूर्ण कर लिया जाएगा। कार्यपालक अभियंता पथ निर्माण विभाग द्वारा बताया गया कि उनके द्वारा 02 सड़कों की मरम्मत कराई जा रही है।

कार्यपालक अभियंता, विद्युत विभाग को देव छठ मेला के मार्ग में पड़ने वाले पोल, ट्रांसफार्मर एवं जर्जर तारों की जांच करा कर मरम्मती कराने का निर्देश दिया गया।

कार्यपालक अभियंता को कर्मी एवं इलेक्ट्रीशियन की सूची उपलब्ध कराने का भी निर्देश दिया गया।

जिला अग्निशमन पदाधिकारी को अग्निशमन की छोटी एवं बड़ी गाड़ियों की व्यवस्था करने का निर्देश दिया गया।

जिला अग्निशमन पदाधिकारी, विनय कुमार द्वारा बताया गया कि चिन्हित स्थलों पर अग्निशमन की गाड़ियों की व्यवस्था रहेगी। देव मेला क्षेत्र में 01 बड़ी एवं 04 छोटी अग्निशमन गाड़ियों की व्यवस्था रहेगी।

### निरीक्षण करते जिलाधिकारी

एसीएमओ औरंगाबाद, डॉक्टर किशोर कुमार को एंबुलेंस की व्यवस्था कराने एवं महत्वपूर्ण स्थलों पर स्वास्थ्य शिविर लगाने का निर्देश दिया गया। उनके द्वारा बताया गया कि 06 स्थलों पर स्वास्थ्य शिविर एवं 07 एंबुलेंस की व्यवस्था रहेगी। पीएचसी देव में एंटी वेनम एवं एंटी रेबीज इंजेक्शन की व्यवस्था भी रहेगी।

वरीय उप समाहर्ता कृष्णा कुमार द्वारा बताया गया कि कुल 04 नियंत्रण कक्ष छठ पर्व के दौरान कार्यरत रहेंगे जिसमें से पहला देवगढ़ किला के पास, दूसरा तालाब के पास सूर्य कुंड पर, तीसरा देव थाना के पास एवं चौथा प्रखंड कार्यालय में कार्यरत रहेगा। एल ा ड ी ए म ा औरंगाबाद द्वारा बताया कि धर्मशाला एवं रानी तालाब में उनके द्वारा आवासन स्थल की व्यवस्था कराई जाएगी।

एनटीपीसी के प्रबंधक द्वारा बताया गया कि उनके द्वारा हाई मास्ट लाइट लगाने की व्यवस्था की जाएगी एवं बीआरबीसीएल के प्रबंधक द्वारा बताया गया कि जगन्नाथ विद्यालय में टेंट की व्यवस्था कराई जाएगी।

नेहरू युवा केंद्र के समन्वयक द्वारा बताया गया कि उनके 24 स्वयंसेवक इस दौरान कार्यरत रहेंगे। स्काउट एंड गाइड के मास्टर स्काउट द्वारा बताया गया कि उनके स्वयंसेवक भी 28 तारीख से मौके पर उपस्थित रहकर कार्य करेंगे।

सहायक आपदा प्रभारी, मणिकांत कुमार को एनडीआरएफ की टीम से समन्वय स्थापित करने का निर्देश दिया गया एवं गोताखोर एवं लाइफ जैकेट की व्यवस्था करने का निर्देश दिया गया।

जिला मत्स्य पदाधिकारी एवं नगर कार्यपालक पदाधिकारी को सूर्य कुंड में बैरिकेडिंग के चारों तरफ जाल लगवाने का निर्देश दिया गया। जिला गव्य विकास पदाधिकारी को छठ पर्व के दौरान दूध आदि की व्यवस्था करने का निर्देश दिया गया।

पुलिस अधीक्षक द्वारा बताया गया कि इस बार कोविड के बाद होने वाले कार्तिक छठ मेला के दौरान ज्यादा भीड़ होने की संभावना है। इसके लिए हम सभी को सतर्क एवं सचेत रहने की आवश्यकता है एवं पूरी तैयारी के साथ हम इस में सफल होंगे। इसके लिए बाहर के जिलों से आने वाले पुलिस पदाधिकारी एवं पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति भी की जा रही है।

जिला पदाधिकारी द्वारा सभी संबंधित पदाधिकारियों को अपने क्षेत्र अंतर्गत शेष कार्य को यथाशीघ्र पूर्ण कर लेने का निर्देश दिया गया। साथ ही जिला पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि सैरात बंदोबस्ती के के दौरान जो रेट तय किए जायेंगे उससे ज्यादा रेट लिए जाने की शिकायत आने पर त्वरित कार्रवाई की जाएगी। इस बार आने वाले श्रद्धालुओं के लिए किसी तरह का कोई दिक्कत नहीं होगा। हर तरफ आवासन अस्थल के साथ साथ फ्री ऑफ कॉस्ट छठ घाट तक जाने के लिए टेंपु का व्यवस्था किया जायगा। देव मोड़ से आने वाले श्रद्धालुओं को महाराणा प्रताप कॉलेज के पास आवासन की व्यवस्था किया गया है। देव आनंदपुरा रोड से आने वाले श्रद्धालुओं को आवासन का व्यवस्था माले नगर में किया गया है। देव अंबा रोड से आने वाले श्रद्धालुओं को सिंचाई कॉलोनी के पास आवासन की व्यवस्था किया गया है। देव मदनपुर रोड से आने वाले श्रद्धालुओं को पैक्स गोदाम के पास आवासन की व्यवस्था किया गया है। यह सभी जगह पर छठ घाट तक आने के लिए फ्री ऑफ कॉस्ट टैंपू का व्यवस्था किया जायगा। औरंगाबाद एसडीओ विजयंत कुमार ने सभी फुटपाथी दुकानदारों से यह अनुरोध किया गया है। कि सभी आवासन स्थल पर आप लोग दुकान लगाएं किसी तरह का कोई दिक्कत नहीं होगा। और आने वाले श्रद्धालुओं का सभी चीजों का सुविधा मिलेगा।

## दहेज हत्यारोपी को दस साल कारावास

अनिल कुमार मिश्र ब्यूरो चीफ दैनिक जागरण, औरंगाबाद

आज व्यवहार न्यायालय औरंगाबाद में जिला जज रजनीश कुमार श्रीवास्तव ने टंडवा थाना कांड संख्या 09/13 में सजा के बिन्दु पर सुनवाई करते हुए दहेज हत्यारोपी पति श्रवण कुमार को दस साल कारावास की सजा सुनाई है अधिवक्ता सतीश कुमार स्नेही ने बताया कि सूचक मृतका के भाई चंदन कुमार पासवान कासीमपुर कुटुंबा ने 20/02/13 को प्राथमिकी दर्ज कराई थी जिसमें आरोपी श्रवण कुमार गंजहर टोला, रघुवीर बिगहा ,टंडवा



पर आरोप लगाया था, कि मेरी बहन रीता देवी जिसकी एक वर्ष पूर्व शादी श्रवण कुमार से हुई थी श्रवण ने जलाकर मार दिया , प्राथमिकी भादंसं धारा 302/34 में दर्ज की गई थी, ट्रायल के क्रम में साक्ष्य अनुसार दहेज हत्या में भादंसं धारा 304 बी में 14/10/22 तारीख को अभियुक्त को दोषी करार दिया गया था, बचाव पक्ष के अधिवक्ता अकमल हसन ने प्रथम अपराध देखते हुए कम से कम सजा की मांग की थी,लोक अभियोजक पुष्कर अग्रवाल ने बताया कि हमने दहेज हत्यारोपी को अधिकतम सजा की मांग की, आज सजा के बिन्दु पर दस साल कारावास की सजा सुनाई गई है अभियुक्त घटना के समय से ही जेल में बंद हैं 08/03/17 को हाईकोर्ट ने अभियुक्त के जमानत याचिका खारिज कर दी थी,

## दो हत्यारोपी दोषी करार,

अनिल कुमार मिश्र ब्यूरो चीफ दैनिक जागरण, औरंगाबाद

आज व्यवहार न्यायालय औरंगाबाद में जिला जज रजनीश कुमार श्रीवास्तव ने हसपुरा थाना कांड संख्या 95/19 में निर्णय पर सुनवाई करते हुए दो काराधिन बंदी अभियुक्त सुभाष सिंह और नागेश्वर सिंह डिहुरी हसपुरा को भादंसं की धारा 302/34 में दोषी करार दिया है लोक अभियोजक पुष्कर अग्रवाल ने बताया कि सजा के बिन्दु पर सुनवाई के तिथि 21/10/22 निर्धारित किया गया है अधिवक्ता सतीश कुमार स्नेही ने बताया कि प्राथमिकी सूचक राजनंदन सिंह डिहुरी हसपुरा, गम्भीर रूप से जख्मी अवस्था में बताया था कि 24/07/19 को जब वे खेती कर रहे थे तो उनके खेत में अभियुक्तगण गाली गलौज करते हुए आए और सिर तथा गर्दन पर खंती व कुदाल से हमला कर दिये, जिससे जख्मी होकर मुर्क्षित हो गये, पड़ोसीयो ने हल्ला कर हमारे परिवार को बुलाया जो सरकारी अस्पताल हसपुरा ले गये थे, अधिवक्ता ने बताया कि सूचक का इलाज के क्रम में पटना में मृत्यु हो गई थी , घटना के कारण पूर्व की जमीनी विवाद बताया गया था,

## कैमूर जिला कुश्ती के क्षेत्र में ज्यादा से ज्यादा पहलवानों के माध्यम से मेडल प्राप्त जिले के रूप में जाना जाएगा।

**अनु गुप्ता 53 किलो व पूनम यादव 57किलो भार वर्ग मे लहराया परचम**

दुर्गावती प्रखंड के बिछिया व्यायामशाला पर एक दिवसीय जिला स्तरीय ट्रायल कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। ट्रायल कुश्ती का आयोजन जिला कुश्ती संघ कैमूर के तत्वधान में सुचारू रूप से किया गया। इस ट्रायल



प्रतियोगिता में लगभग जिले के 100 पहलवान प्रतिभागीयो ने भाग लिया। प्रतियोगिता में चयनित प्रतिभागी राज्य स्तरीय सीनियर कुश्ती प्रतियोगिता जो 22 अक्टूबर से 23 अक्टूबर 2022 तक छपरा सारण जिला में आयोजित है उसमें जिला के चयनित पहलवान हिस्सा लेंगे। इस ट्रायल कुश्ती प्रतियोगिता के तकनीकी पदाधिकारी के रूप में भगवान सिंह यादव और बिहार के कोंच एवं बिछिया एकलव्य सेंटर के प्रशिक्षक अजय कुमार यादव के देखरेख में संपन्न हुआ। वही जिला कुश्ती संघ के सचिव भोरिक सिंह यादव को सभी पहलवानों एवं तकनीकी पदाधिकारियों ने शुभकामनाएं दी। जिला में पहली बार इस तरह की कुश्ती संघ के तत्वाधान में ट्रायल कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन कराया गया।भोरीक सिंह यादव ने बताया कि अब कैमूर जिला कुश्ती के क्षेत्र में ज्यादा से ज्यादा पहलवानों के माध्यम से मेडल प्राप्त जिले के रूप में जाना जाएगा। सभी खेल प्रेमियों ने सचिव भोरिक सिंह यादव को शुभकामनाएं एवं बधाइयां दी।इस आयोजन मे महिला पहलवान शाहाबाद केसरी व पूर्व मे कई बार राज्य स्तरीय विजेता अन्नु गुप्ता 53 किलो और पूनम यादव ने 57 किलो वजन में परचम लहराया।ये दोनों बेटियां किसी परिचय की मोहताज नही हैं कई बार स्वर्ण मेडल प्राप्त कर जिले को गौरान्वित कर चुकी हैं।वही पुरुष पहलवान भी प्रतियोगिता में भाग लिए जिसमें सभी प्रतिभागियों में से पहलवानों का चुनाव किया गया जो बाहर कुश्ती में भाग लेने जाएंगे।

## बिहार राज्य दफादार चौकीदार पंचायत कैमूर जिला इकाई का चुनाव संपन्नः- सरकार से आश्रितों को नौकरी देने की मांग

कैमूर ब्यूरो आशुतोष कुमार सिंह संवादाता राजीव कुमार पाण्डेय

**भभुआ कैमूर रामगढ़ के धर्मेन्द पासवान को मिली बड़ी जिमेदारी पद पाने के बाद लोगों को धन्यवाद भी दिए**

बिहार राज्य दफादार चौकीदार पंचायत जिला इकाई कैमूर ( भभुआ) की बैठक अखलासपुर पोखरा पर बुधवार को आयोजित की गई जिसकी अध्यक्षता चौकीदार आलमगीर ने की ।बता दें कि बैठक मे वर्ष 1990 से 05/03/2014 तक पूर्व मे सेवा निवृत दफादार चौकीदारों के परिवार के आश्रितों, बेटों को बहाल करने की मांग किया गया तथा साथ ही बैठक मे द्विवार्षिक जिला कमेटी का चुनाव भी संपन्न कराया गया।चुनाव पर्यवेक्षक के रूप मे राज्य उपाध्यक्ष रामबिलास पासवान व



चुनाव पदाधिकारी के रूप मे कार्यकारी अध्यक्ष जीतू सिंह उपस्थित रहे।वहीं बैठक मे सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित कर धर्मेंद्र पासवान जो रामगढ़ प्रखंड के निवासी हैं उनको संघ का जिला अध्यक्ष व पिंटू पाण्डेय जो मोहनिया प्रखंड के निवासी हैं उनको जिला उपाध्यक्ष, महेंद्र राम दुर्गावती प्रखंड निवासी को जिला सचिव तथा चौकीदार प्रवीण कुमार कुशवाहा रामगढ़ प्रखंड निवासी को संयुक्त सचिव और शुशील कुमार सोनहन प्रखंड निवासी को कोषाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी दी गई ।वहीं कार्यक्रम मे उपस्थित राज्य सचिव संत सिंह द्वारा निर्वाचित नव पदधारियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई।वहीं बैठक के दरम्यान संकठा पासवान, कृष्णा यादव,रामसूरत पासवान,गुड्डू पासवान, रामबली पासवान,धर्मेंद्र पासवान,हीरालाल पासवान सहित अन्य चौकीदार दफादार उपस्थित रहे।

## नगर थाना प्रभारी को हुआ पांच हजार जुर्माना

अनिल कुमार मिश्र ब्यूरो चीफ दैनिक जागरण, औरंगाबाद

आज व्यवहार न्यायालय औरंगाबाद के एडिजे सात सुनील कुमार सिंह ने जमानत याचिका संख्या 1065/22 में सुनवाई करते हुए नगर थाना प्रभारी को 5000 जुमार्ना लगाया है तथा यह भी आदेश दिये है कि आज से जब तक वाद दैनिकी प्रस्तुत नहीं करते, तब तक प्रतिदिन उनके वेतन से 500 रू कटौती किया जाएगा , अधिवक्ता सतीश कुमार स्नेही ने बताया कि मामला नगर थाना कांड संख्या 498/22 से सम्बंधित है,जो जघन्य अपराध की धारा 302और 27 आर्म्स एक्ट में दर्ज हैं , जेल में बंद अभियुक्त का जमानत आवेदन न्यायालय में 12/09/22 को प्रस्तुत किया गया था, अपराधिक इतिहास जानने के लिए वाद दैनिकी की मांग किया गया था, मांग मेमो 20/09/22,स्मार पत्र 28/09/22,शोकोज 11/10/22, उसके बाद 17/10/22 और 19/10/22 सुनवाई तिथि निर्धारित किया गया परन्तु आज तक प्रतिवेदन प्रस्तुत नहीं किया गया जो न्यायालय के आदेश का अवमानना है , न्यायिक आदेश के अवहेलना मानते हुए आज न्यायालय ने एक बड़ा निर्णय लिया है, आज के आदेश के अनुपालन के लिए इस आदेश के एक एक कोपी नगर थाना प्रभारी, आरक्षी अधीक्षक, कोषाधिकारी औरंगाबाद को भेजा जा रहा है

## आईनबॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया के द्वारा शिवम कुमार को आईनबॉल एसोसिएशन कैमूर के अध्यक्ष बनाया गया हैं।

दैनिक समाज जागरण,

भभुआ कैमूर आईनबॉल एसोसिएशन बिहार के द्वारा चतुर्थ राष्ट्रीय आईनबॉल चैम्पियनशिप बरुआरी रामनंदन युवक परिषद खेल मैदान मुजफ्फरपुर में तीन दिवसीय आयोजित किया गया था जिसमें 18 राज्यों के खिलाड़ियों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। ये बिहार में पहली बार राष्ट्रीय आईनबॉल चैम्पियनशिप किया गया था। जो कि गांव में आयोजित किया गया। क्योंकि भारत की आत्मा गांव में बसती है। जिसमें शहर भभुआ वार्ड नम्बर-09 के रहने वाले शिवम कुमार को आईनबॉल एसोसिएशन बिहार के द्वारा शिवम कुमार को आमंत्रित किया गया था। जो कैमूर जिला के आईनबॉल एसोसिएशन के अध्यक्ष हैं। इस तीन दिवसीय आईनबॉल चैम्पियनशिप के समापन समारोह के दिन मुख्य अतिथि बिहार विधान परिषद के सभापति देवेश चन्द्र ठाकुर, पूर्व बिहार के राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री राम सूरत राय, केवटी विभान सभा के विधायक डॉ. मुरारी मोहन झा, आईनबॉल एसोसिएशन के अध्यक्ष अजय प्रताप सिंह, बिहार सचिव रंजन कुमार, संरक्षक विपिन कुमार सिंह, आदि के द्वारा शिवम कुमार को सम्मानित किया गया। शिवम ने बताया कि आईनबॉल विश्व का पहला खेल है जिसमें एक साथ एक दल में महिला एवं पुरूष दोनों खिलाड़ी होते हैं। जिससे लैंगिक समानता एवं महिला सशक्तिकरण को मजबूती प्राप्त होता है।




यह खेल मूलतः मोरक्को देश में आईनबॉल खेल की शुरूआत हुई थी। आज भारत के साथ-साथ लगभग 25 देशों में आईनबॉल खेला जाता है। इस खेल की राष्ट्रीय कमिटी की स्थापना आईनबॉल फेडरेशन इंडिया नाम से की गई है। भारत में अभी 20 राज्यों में आईनबॉल खेला जाता है। इस खेल में 12 खिलाड़ी होते हैं। आईनबॉल विभिन्न खेलों का मिश्रण है जैसे फुटबॉल, हैंडबॉल, बास्केटबॉल, एथलेटिक्स एवं वालीबॉल हैं। इस खेल में चार रंग की गेंद होती है लाल, पीला, हरा, नीला। आईनबॉल रंग, एकाग्रता और समन्वय पर आधारित एक खेल हैं। लगभग 10 से 15 मिनट का यह खेल पूरी तरह से बच्चों को शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक रूप से मजबूत करता है और इस खेल के माध्यम से खिलाड़ियों की मांसपेशियों में फुर्ती एवं ताकत आती है। इस खेल में इंजरी शून्य प्रतिशत है, लेकिन खिलाड़ियों को ऊर्जा सौ प्रतिशत लगाना पड़ता है। शिवम ने बताया कि बिहार व अपने जिला के लिए बिल्कुल नया खेल है और ये दायित्व है कि इस को ज्यादा से ज्यादा लोगों के पास पहुंचाएं और मुझे जिला आईनबॉल के स्पोर्ट्स एंबेसडर बनाया जा चुका है। जो मेरे उक्त दायित्व इसके उत्कृष्ट एवं समाज में सराहनीय कार्यों को देखते हुए बनाया गया है। जिले के स्पोर्ट्स को और सुचारू रूप से चलाने के लिए योटी फाउंडेशन व आईनबॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया के द्वारा शिवम कुमार को आईनबॉल एसोसिएशन कैमूर के अध्यक्ष बनाया गया हैं। जो हमारे कैमूर के लिए गौरव की बात हैं। इस तीन दिवसीय चतुर्थ राष्ट्रीय आईनबॉल चैम्पियनशिप एमी को हरा कर असम चैम्पियन, बिहार को तीसरा स्थान पर रहा!!

## शिक्षा विभाग को कुंभकर्णी निंद्रा से जगाने के लिए शिक्षक निकालेंगे मशाल जुलूस

### अंतर वेतन, पुरानी पेंशन, पूर्ण वेतनमान आदि मांगों को लेकर टीपीएसएस निकालेगा मशाल जुलूस

अररिया । नवप्रशिक्षित शिक्षकों के बकाया अंतर वेतन भुगतान, पुरानी पेंशन, समय पर वेतन, राज्य कर्मी का दर्जा, पूर्ण वेतनमान टीईटी सीटीईटी उत्तीर्ण शिक्षकों का अलग संवर्ग आदि मांगों को लेकर शुक्रवार (21-10-2022) को अररिया बस स्टैंड से चांदनी चौक तक मशाल जुलूस निकाला जाएगा। इस को लेकर टीईटी प्रारंभिक शिक्षक संघ के कार्यकारी अध्यक्ष मेराज खान ने अनुमंडलाधिकारी महोदय को लिखित रूप से सूचना दी है। दिए गए ज्ञापन में मेराज खान ने कहा कि शिक्षा विभाग कुंभकर्णी निंद्रा में सोई



हुई है, विभाग को जगाने के लिए और अपने लोकतांत्रिक अधिकारों को पाने के लिए इस शुक्रवार की शाम अररिया बस स्टैंड से चाँदनी चौक तक मशाल जुलूस निकाला जाएगा। इस मशाल जुलूस में जिले भर के सैकड़ों शिक्षक शामिल होंगे।

## अलग-अलग जगहों से 4 शराबियों को धर दबोचा


दैनिक समाज जागरण, वीरेंद्र यादव जिला संवाददात्ता औरंगाबाद

औरंगाबाद जिला के देव थाना के पुलिस ने अलग-अलग जगहों से 4 शराबियों को धर दबोचा है। और उसे जेल भेज दिया है। देव थाना प्रभारी मनोज कुमार पांडे, के आदेश पर देव थाना के ए एस आई कृष्णा कांत सिंह ने शराब पीकर हल्ला हंगामा कर रहे देव के मलाह टोली निवासी शराबी रूपेश पाठक उर्फ लल्ली बाबा पिता स्वर्गीय नरेश पाठक

चंदन कुमार सिंह, पिता स्वर्गीय राजकुमार सिंह, मिथिलेश सिंह, पिता ज्योति सिंह, दोनों ग्राम देव जंगी मोहल्ला थाना देव के निवासी हैं और विनोद मांझी, पिता सुरेश मांझी, ग्राम पतालगंगा थाना देव जिला औरंगाबाद को ग्राम पतालगंगा से शराब के नशे में हल्ला हंगामा करते हुए सभी को शराब के नशे में पकड़े जाने पर माननीय न्यायालय के न्यायिक हिरासत में भेजा गया

## सेक्टर-75 में छठ घाट का निर्माण कार्य जोरों पर,28 अक्टूबर से नहाय-खाय के साथ चार दिवसीय छठ महापर्व होगा शुरू

नोएडा,19 अक्टूबर 2022अखिल भारतीय प्रवासी महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष व श्री सूर्यदेव पूजा समिति के अध्यक्ष मुन्ना कुमार शर्मा ने बताया है कि सूर्योपासना के महान पर्व छठ की तैयारियां सेक्टर-75 में जोरों से शुरू हो गई हैं।भगवान सूर्य को अर्घ्य देने हेतु सेक्टर-75 के सेंट्रल पार्क में एक बड़ा छठ घाट निर्मित किया जा रहा है।छठघाट 50 फीट लम्बा,15 फीट चौड़ा और 4 फीट गहरा होगा।घाट में जल, प्रकाश आदि की उत्तम व्यवस्था की जायेगी।श्री शर्मा ने बताया कि



सूर्योपासना का महान छठ पर्व 28 अक्टूबर को कार्तिक शुक्ल चतुर्थी के दिन नहाय-खाय के साथ शुरू हो रहा है।29 अक्टूबर को कार्तिक शुक्ल पंचमी के दिन खरना की पूजा होगी।30 अक्टूबर को कार्तिक शुक्ल षष्ठी के सायंकाल अस्ताचलगामी भगवान सूर्य को अर्घ्य दिया जायेगा।31 अक्टूबर को कार्तिक शुक्ल सप्तमी के प्रातःकाल उदीयमान भगवान सूर्य को अर्घ्य दिया जायेगा।समिति के अध्यक्ष मुन्ना कुमार शर्मा ने बताया है कि 30 अक्टूबर को सायंकाल श्री सूर्यदेव पूजा समिति द्वारा सेक्टर-75 के सेंट्रल पार्क में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भव्य आयोजन किया जायेगा।प्रसिद्ध गायिका क्षमा पांडेय, प्रीति प्रकाश, देवेश कुंदन, पूजा मंडल सहित कई गायकों और गायिकाओं द्वारा भोजपुरी, हिंदी, मगही, मैथिली, अंगिका, पंजाबी गीतों का प्रस्तुतिकरण किया जायेगा।

## जनपद बांदा की शहनाज अली एवं कशिश ने" एशिया ब्राइडल मेकअप कंपटीशन "में जीता खिताब।

दैनिक समाज जागरण बांदा ब्यूरो चीफ मयंक शुक्ला।

बांदा। एशिया मेकअप ब्राइडल कंपटीशन सीजन 4 में जनपद बांदा की शहनाज अली एवं कशिश ने अपनी सुंदरता और प्रतिभा के दम पर ग्लैमर की दुनिया का एक महत्वपूर्ण पुरस्कार दोनों ने अपने नाम कर लिया। दोनों को खिताब मिलते ही सभा हाल में तालियों की गड़गड़ाहट से पूरा हाल गूंज गया।

यह कार्यक्रम दुर्गा लान कल्याणपुर कानपुर शहर में बीएनएन इंटरटेनमेंट द्वारा आयोजित एशिया ब्राइडल मेकअप कंपटीशन सीजन 4 में अन्य शहरों सहित जनपद बांदा की कई मेकअप आर्टिस्ट ओने भागीदारी की जिसमें सचप्रि ब्राइडल मेकओवर की छात्रा भी शामिल रही और अपनी भी जीत का बिगुल उसने फूंक दिया। शहनाज अली ने प्रथम रनर अप विनर का खिताब अपने नाम कर लिया वहीं द्वितीय रनर अप विनर का खिताब बांदा की कशिश ने जीता पूरे कार्यक्रम कंपटीशन की जज वीएलसीसी सेंट्रल हेड प्राची सिन्हा कानपुर एवं प्रज्ञा त्रिपाठी बांदा रही, कंपटीशन के ऑर्गेनाइजर



विक्की बहल ने सभी को बधाई देते हुए सभी की सुखद जीवन की कामना की !

## भाजपा पार्टी में सभी वर्गो को योजनाओं का लाभ और सम्मान मिला: बंसत त्यागी

दैनिक समाज जागरण निखिल त्यागी ब्यूरो बागपत

बड़ौत भाजपा की कार्यकताओं की बैठक नगर के दिगंबर जैन कॉलेज के सभागार में हुई। जिसमें नगर पालिका परिषद चुनाव के विषय में चर्चा की गई। जिसमें मुख्य वक्ता क्षेत्रीय उपाध्यक्ष एवं नगर के नगर निकाय चुनाव प्रभारी बंसत त्यागी ने सभी से परिचय लते हुए अपने सम्बोधन में कहा कि हमें अभी से घर-घर जाकर सरकार की योजनाओं का क्रियान्वयन और प्रचार प्रसार करना है। उन्होंने कहा कि नगर निकाय चुनावों में भाजपा कार्यकताओं को प्राथमिकता दी जाएगी और निष्पक्षता से टिकट दिया जाएगा। कहा कि हमारा उम्मीवार कमल का फूल होगा और उसको उम्मीवार मानते हुए सभी को उस उम्मीदवार के पक्ष में भारी मतदान करना है और विजेता बनाना है। कहा कि भाजपा सरकार गरीब और कमजोर वर्गों की सरकार है। भाजपा पार्टी में सभी वर्गों को योजनाओं का लाभ और सम्मान मिला है। उन्होंने आगामी कार्यक्रमों के बारे में विस्तार से बताते हुए कहा कि सभी इन कार्यक्रमों को सफल बनाने में जुट जाये। बैठक का संचालन जिला महामंत्री एडवोकेट बिजेंद्र शर्मा ने किया। इस दौरान नगर निकाय चुनाव संयोजक एवं जिला उपाध्यक्ष राकेश जैन, अनिल तोमर, जिला संयोजक डॉ विनय त्यागी, सह संयोजक प्रभात कुमार, पूर्व मंत्री सहाब सिंह, नगर अध्यक्ष अमित जैन, क्षेत्रीय सोशल मीडिया प्रभारी गौरव तोमर, डॉ पुष्पेन्द्र तोमर, जिला मीडिया प्रभारी पवन शर्मा, श्रीभगवान तोमर, नगर महामंत्री गौरव शर्मा भानू, सभासद योगेश तोमर, नगर उपाध्यक्ष राजगोपाल कश्यप, जीत सिंह कश्यप, कालूराम रूहैला, एडवोकेट अमित कश्यप, प्रधान गुलबीर, अमित राठी, प्रदीप भूरा, प्रतिभा शर्मा डिमरी, रीना ढिंगरा, सुभाष राजपूत, सुभाष, राकेश जैन आदि मौजूद रहे।

